HINDI
Std VIII

हम पंछी उन्मुक्त गगन के

इस कविता के कवि शिवमंगल सिंह सुमन ने पक्षी के मन की व्यथा को व्यक्त किया है।

नभ में विचरण करने वाले पक्षी को यदि हम इस धरती पर सारे सुख देकर रखने की कोशिश करें तो उसके मन में क्या विचार आता है। इस कविता के माध्यम से कवि ने प्रस्तुत किया है।

वे कहते हैं कि हम खुले आसमान में उड़ान भरने वाले, कलरव करने वाले हैं। पिंजरे में कैद हो न गा पायेंगे चाहे वो पिंजरा कीमती सोने का ही क्यों न हो वहाँ से निकलने के लिए उस पिंजरे से टकराकर उसके पंख टूट जायेंगे। वे सोने की कटोरी में मिलने वाली मैदा के बदले के कड़वे नीम के फल को खाना पसन्द करते हैं क्योंकि वे बहते हुए जल को पीने वाले हैं। सोने की जंजीर में कैद रहने के कारण वे अपने विशिष्ट स्वभाव, चरित्र को भूलते जा रहे हैं, वे उड़ना भूल चुके हैं। पेड़ों की फुनगी पर बैठ कर झूलना उनके लिए एक ख्वाब बन कर रह गया है।

विस्तृत नीले आकाश में उसके अन्तिम छोर तक उड़ान भरने की इच्छा दिल में रहती है। जिस प्रकार लाल किरण के आगमन के साथ ही आसमान के तारे लुप्त हो जाते हैं। ठीक इसी प्रकार इस दृश्य को वह अपनी लाल चोंच से करता है। वह भी अपने चोंच से अनार के दाने चुगना चाहता है। अनन्त अंतरिक्ष के उस छोर को छूने के लिए जहाँ-तक उनमें होड़ लगती है कि कौन उसे पहले छू सके। किसी को उसमें सफलता मिलती है किसी की साँसों की डोर बीच रास्ते में ही खत्म हो जाती है।

वो कहते हैं हमें किसी पेड़ की टहनी पर घोंसला न हो यह स्वीकार है परन्तु विधाता ने हमें उड़ने के लिए पंख दिए हैं तो हमें खुले आसमान में उड़ान भरने दें उसमें किसी प्रकार की बाधा न डाले।

Scanned with CamScanner

प्रश्नों के उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-

1) स्वादिष्ट व्यंजन खाने की अपेक्षा पंछी क्या खाना पसंद करते हैं?
2) पंछी अपनी उड़ान क्यों भूल गए?
3) उन्मुक्त उड़ान भरने के लिए पंछी किन-किन सुविधाओं का त्याग करना चाहता है?
4) सीमाहीन क्षितिज को पाने में प्रयासरत पंछियों को किन दो परिणामों का सामना करना पड़ सकता है?
5) नीचे लिखे पंक्तियों के अर्थ स्पष्ट करें:

लाल किरण-सी चोंच खोल
चुगते तारक-अनार के दाने

व्याकरण :-

6) विपरीत शब्द सीख कर उत्तर पुस्तिका में लिखें
7) ऐसे शब्द जो लगभग समान या एक जैसे अर्थ को प्रकट करते हैं, वे पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। उन्हें सीख कर उत्तर पुस्तिका में लिखें।
8) संज्ञा के बदले में आने वाले शब्द को सर्वनाम कहते हैं? इसके भेद तथा उनकी परिभाषा पुस्तक से पढ़ कर उत्तर पुस्तिका में लिखें।

Scanned with CamScanner